तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

11 नलों की टोटी से नहीं निकला रहा पानी गांव तक पीएम...



12 भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने भेण्डरी का किया दौरा





क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी विकास की सभा आज

**नवापारा-राजिम।** आज 5 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 10 से 1 तक नवापारा बस स्टैंड कबीर स्तंभ के पास पूर्व विधायक धनेंद्र साहू एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विकास उपाध्याय कांग्रेस के घोषणा पत्र के साथ ही सभा करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं युवाओं किसानों सहित पांच गारंटी के वादे किए हैं जिसमें श्री महालक्ष्मी नारी न्याय योजना गारंटी के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में इसकी शुरूआत करने के लिए धनेंद्र साहू एवं विकास उपाध्याय इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। साथ ही सैंकड़ों की संख्या में कार्यकत्र्ता उपास्थित रहेगें।

### भूखन पटेल अध्यक्ष व सचिव बने कमल

**राजिम।** नगर पटेल समाज राजिम के अध्यक्ष भुखन पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष संजू पटेल, सचिव कमल पटेल, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष पन्ना पटेल, शेषनारायण पटेल, राजेश पटेल, सह सचिव दिलीप पटेल, सलाहकार जगन्नाथ पटेल, संतोष पटेल, महेश पटेल को नियुक्त किया गया है। आज 5 अप्रेल को नगर पटेल समाज के तत्वावधान में शपथ ग्रहण समारोह व होली मिलन का कार्यक्रम 4 बजे पटेल धर्मशाला राजिम में आयोजित है।

### ब्लॉक कांग्रेस शोभा जोन की बैठक आज

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारणी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि 05 अप्रैल को ब्लॉक कांग्रेस शोभा जोन स्तरीय बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे आयोजित किया गया है इस बैठक में बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### स्वामी आत्मानंद में प्रवेश 10 से

**मैनपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैनपुर में सत्र 2024–25 के लिए कक्षा पहली से 12 वीं तक प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जायेगी। जो 05 मई तक चलेगी उक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य बीएस नागेश ने दिया है।

### दिव्यांगों एवं 80 प्लस नागरिकों के लिए मतदान रथ होगा उपलब्ध : सीएमओ

**फिंगेश्वर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान दिवस को दिव्यांग एवं वरिष्ट नागरिकों 80 प्लस को विषेश सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक जाने एवं मतदान पश्चात उनके आवास स्थल तक छोड़ने निःशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई है जिसे मतदान रथ का नाम दिया गया है। नगर पंचायत के मुख्यनगर पालिका अधिकारी एस विश्वकर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव का मतदान दिवस 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है जिसमे दिव्यांग एवं वरिष्ट नागरिकों को जिनकी उम्र 80 वर्ष है उनके मतदान स्थल तक आने एवं जाने के लिए वाहन की सुविधा दी जावेगी। उपरोक्त मतदाता बताये गये वाहन चालक ओंकार साहू एवं ताराचंद साहू के मोबाइल नंबर से संपर्क कर अपने निवास तक निःशुल्क वाहन को बुलाकर मतदान स्थल तक अवश्य ही पहुंचे।

# आत्मानंद के छात्रों ने मेहंदी लगाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश

## स्लोगन व पोस्टर बनाएं और रैली निकाल नगर भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद दीपक अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम एवं अनुविभागीय निर्वाचन अधिकारी फिंगेश्वर धनंजय नेताम के मार्गदर्शन में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राचार्य संजय एक्का के निर्देशन में व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कक्षा नवमीं, दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली, स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। छात्रों ने उत्साह के साथ स्लोगन व पोस्टर बनाएं





और रैली में नगर भ्रमण कर निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग कर देश निर्माण में योगदान की अपील की। परीक्षाएं समाप्त होने पर छात्र-छात्राओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर जनमानस में मतदान जागरूकता का संदेश दिया। व्याख्याता गायकवाड़ ने बताया कि बालक और बालिकाओं ने मेंहदी से आकर्षक मतदान चिन्ह, विभिन्न स्लोगन और प्रतीक बनाया और आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एम के चंदन, सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, प्रधान पाठक अंजय गिरी गोस्वामी, गोपाल देवांगन, मधु गुप्ता, राकेश साहू, अंजु मार्कण्डे उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम की जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना व्यक्त की।

## आगजनी : उदंती अभ्यारण्य के डुमरपडाव, जांगडा, बरगांव, पायलीखंण्ड के जंगल में लगी आग

# मैनपुर व तौरेंगा वन परिक्षेत्र में लगी आग कीमती वन और औषधियां राख में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर।

गर्मी प्रारंभ होते ही उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व सहित गरियाबंद वनमंडल के जंगलो में जगह-जगह आगजनी की लगातार सूचनाएं मिल रही है। और यह जानकारी सेटेलाईट के माध्यम से विभाग के उच्च अधिकारियो तक भी लगातार पहुंच रही है। बुधवार रात को तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 3 किमी दूर नाहनबिरी पहाड़ी मे भीषण आग लगी थी आग लगभग पहाड़ी के चारो तरफ लगने से ग्राम भाठीगढ़, नहानबिरी, हरदीभाठा, भटगांव, मैनपुर नगर वे क्षेत्र के गांव धूआं -धूंआ हो गया और यह आग पथर्री जंगल पहाड़ी से भाठीगढ़, गोबरा, कांटीपारा, भटगांव, गोपालपुर पहाड़ी लगभग 10 किलो मीटर एरिया में फैला हुआ था। भारी आगजनी से पहाड़ी व जंगल के भीतर छोटे-छोटे पेड़ -पौधे, कीमती वन औषधियां राख में तब्दील हो गई। तो वहीं वन्यप्राणियों का यह पहाड़ी क्षेत्र मुख्य आवास स्थल है इसलिए वन्यप्राणी जैसे सांभर, चीतल, खरगोश, मोर, भालू, बंदर आसपास के ग्रामों के तरफ रात में विचरण करते इन दिनों आसानी से देखे जा रहे है। बहरहाल गरियाबंद वनमंडल के मैनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत भाठीगढ़ पहाड़ी, भटगांव पहाड़ी, गोबरा पहाड़ी, पथर्री, गोपालपुर पहाड़ी, फुलझर पहाडी, साल्हेभाठ पहाड़ी क्षेत्र के जंगल बूरी तरह आग मे झुलश गये है जिसकी जानकारी रात मे वन विभाग के स्थानीय अधिकारियो को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो वरिष्ठ नागरिको के माध्यम से दिया गया रात में ही वन विभाग का अमला जंगल में आग बुझाने पहुचे लेकिन पहाडी ईलाका होने के कारण पहाडी के आधे उपरी हिस्सा के जंगल पुरी तरह जल गई है, गुरूवार को भी इस क्षेत्र के पहाडी में आग लगने से इसका धूआं मैनपुर व आसपास के ग्रामों में दिन में ही फैला हुआ है।





### चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि जंगल में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आगजनी की घटना अभी तक बहुत कम है, आगजनी को रोकने के लिए गांव - गांव जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, उन्होने बताया कि जंगल में आगजनी की घटना की सेटेलाईट के माध्यम से जानकारी मिल रही है।



### आग से पौधे जलकर खाक

उदंती अभ्यारण्य के डुमरपडाव, बरगांव, जांगडा, पायलीखण्ड, देवदाहरा ईलाके के जंगल में आग उदंती अभ्यारण्य के जंगल डुमरपडाव नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे दो दिन पूर्व जंगल में भीषण आग लगी थी। जानकारी मिलते ही फायरवाचर और ग्रामीणों के मदद से आग में काबू पाया गया। लेकिन डुमरपडाव से जांगडा, बरगांव पायलीखण्ड मार्ग में कई किलोमीटर तक जंगल में भीषण आग लगने से जंगल के छोटे- छोटे पौधे जलकर खाक हो चुके है और तो और गुरूवार को देवदाहरा जलप्रपात पहाडी ईलाके में भारी आग लगी हुई है। जिसके चलते पूरा क्षेत्र में धूआं भर गया है।

# लो वोल्टेज से निजात दिलाने विधायक साहू ने दिखाई तत्परता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

क्षेत्र में पिछले पखवाड़े भर से लगातार लो वोल्टेज की समस्याओं से निजात दिलाने राजिम विधायक रोहित साहू ने सक्रियता दिखाई है। विधायक श्री साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन निदेशक तथा प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर क्षेत्र के किसानों व आमजनों को हो रही समस्याओं से अवगत कराकर यथाशीघ्र निदान करने की बात कही थी।



- विभाग के अफसरो को लिखा पत्र,अधिकारी तत्काल हरकत में आए

उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया था कि छुरा क्षेत्र के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के रहवासियों के लिए लो वोल्टेज के कारण समस्याएं उतपन्न हो रही है तथा किसानों को सिंचाई के लिए भी व्यवधान हो रहा हैं इसलिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने की कार्यवाही शीघ्रता से हो। उनके द्वारा पत्र प्रेषित किए जाने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी तत्काल हरकत में आए और व्यवस्थाएं बनाना भी सुनिश्चित कर दिए हैं। विभाग के द्वारा छुरा ब्लॉक के 11 केवी कनसिंघी फीडर में ओवरलोडिंग की समस्या के स्थायी निदान के लिए उन्हें दो अलग-अलग फीडर में विभक्त कर लाइन विस्तार को पूर्ण किया गया है। इसके अलावा 33 केवी फिंगेश्वर फीडर ▶▶ शेष पेज 10 पर

### आपदा पीड़ितों के लिए 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम फुलकर्रा निवासी 56 वर्षीय देवाराम ध्रुव की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन सुशीला बाई को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम भुंजियामुड़ा निवासी 60 वर्षीय काशीराम कवंर की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन पुरातन बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 तक बंद रहेगी मदिरा दुकानें

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर 24 अप्रैल को सायं 06 बजे से 26 अप्रैल को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश दिए है। इसी प्रकार मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त मदिरा दुकानों को सम्पूर्ण दिवस के लिए पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए है।लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण में सीमावर्ती जिला रायपुर में 07 मई को मतदान होने के कारण गरियाबंद जिले के अंतर्गत स्थित राजिम (बाह्य) देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 05 मई को शाम 6 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त तिथियों में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय - विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण करने के निर्देश दिए है। साथ ही शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाकर उन्हें जप्त करने की कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए है।

# सिविल सर्विसेज में जागेश्वर ने ब्रॉन्ज व कैलाश ने जीता सिल्वर





**मुड़ागांव(कोरासी)।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज गेम चंडीगढ़ पंजाब में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 45 एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 50 से 60 आयु वर्ग में जागेश्वर राम ध्रुव खड़मा जिला गरियाबंद 1500 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा करके सिविल सर्विसेज में मेडलिस्ट में अपना नाम अंकित करवाया। साथ ही 40 से 50 आयु वर्ग में कैलाश साहू पीटीआई हायर सेकेंडरी स्कूल फुलकर्रा 800 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड ▶▶ शेष पेज 10 पर

## चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू

# 30 साल बाद अमृत सिद्धि योग में होगी कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

चैत्र नवरात्र को प्रारंभ होने में आज से 4 दिन शेष रह गया है चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को नए विक्रम संवत के साथ 9 अप्रैल से वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को नए संवत्सर की शुरुआत के साथ वासंती नवरात्र की घट स्थापना मां दुर्गा की पूजा एवं पाठ का कार्य आरंभ हो जाएगा। इस वर्ष यह पर्व 9 अप्रैल से शुरू होगा। इस साल चैत्र नवरात्रि पर 30 साल के बाद अमृत सिद्धि योग बनने जा रहे हैं, जो अत्यंत शुभकारी है। इस दौरान मां दुर्गा की आराधना करने से सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। नक्षत्रों में पहला अश्विनी नक्षत्र माना गया है। अगर मंगलवार के दिन अश्विनी नक्षत्र हो तो यह अमृत सिद्धि योग कहलाता है।



### चुनावी महापर्व के बीच नवरात्रि की तैयारियां

इस बार चैत्र नवरात्रि पर बन रहा यह संयोग काफी अद्द्द माना जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कुडेरादादर आश्रम के अंजनी शरणं महराज ने बताया कि इस दिन ब्रह्म जी की विशेष पूजा के साथ नए पंचांग की पुजा की जाती है। उस दिन से नए पंचांग का श्रवण शुरू किया जाता है। नवरात्रि शुरू होने से देवी का आगमन घोड़ा पर हो रहा है, 17 अप्रैल को हवन के साथ मां देवी की आराधना का नौ दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। चुनावी महापर्व के बीच नवरात्रि की तैयारियां पूरी की जा रही है। दो महा उत्सवों के इस संगम में बाजार उफान पर है। नवरात्रि की पुजन सामग्रियों की दुकानें सज गयी है।

### बाबाकुटी आश्रम में कर्मा माता जयंती आज

**फिंगेश्वर।** मांडव ऋषि आश्रम बाबाकुटी में बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज के द्वारा 5 अप्रैल को पापमोचनी एकादशी भक्त कर्मा माता के जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें ग्राम चैतरा, सेन्दर, परसट्ठी बारुला, खुटेरी, खुडियाडिही, बहेरापाल, बिजली, बोरसी के सभी पदाधिकारी गण कार्यक्रम में शामिल होंगे।



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# रास्ता भटक कर आए बाघ को सुरक्षित एरिया में ले जाने बाघिन का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


बाघ की कमी से जूझ रहे छत्तीसगढ़ में महासमुंद के रास्ते भटक कर इन दिनों एक बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा के वन विकास निगम के क्षेत्र में भटक रहा है।

बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसर हर संभव कोशिश में जुटे हुए हैं। साथ ही बाघ के साथ किसी तरह से अनहोनी न हो, इसके लिए चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टाइगर की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाघ की सुरक्षा के लिए तकनीकी उपाय भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बाघ को कोर एरिया में आने के लिए प्रेरित करने टाइग्रेस के यूरिन के प्रयोग किए जाने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के जिस एरिया में भटक रहा है, वहां घना जंगल होने के बजाय सामान्य वनक्षेत्र है। ऐसे में बाघ के रिहायशी क्षेत्र में घुसने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाघ पूरी तरह से सुरक्षित रहे, इसके लिए बाघ को घने वनक्षेत्र में ले जाना बेहद जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक बाघ को बारनवापारा के कोर एरिया में आने के लिए प्रेरित करने जंगल सफारी के टाइग्रेस की यूरिन का बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस रास्ते से जंगल के कोर एरिया में स्प्रे किए जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में वन अफसर कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

## इन ब्रिडिंग के लिए नर बाघ के भटकते हुए पहुंचने की आशंका

### साथी नहीं मिलने पर वापस चला जाएगा

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक नर बाघ अपने लिए नए टेरिटरी की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर किसी दूसरे राज्य के वनक्षेत्र में पहुंचता है। बाघ जिस नए क्षेत्र में पहुंचता है, वहां प्रे-बेस मिलने के साथ ही साथी की जरूरत पड़ती है। बारनवापारा में बाघ के लिहाज से प्रे-बेस बेहतर है, लेकिन बाघ को वहां मेटिंग के लिए साथी नहीं मिल पाएगा। ऐसी स्थिति में बाघ नए क्षेत्र की ओर पलायन कर जाएगा।



*युवा होने की वजह से हर हाल में साथी :* जानकारों के मुताबिक बाघ की उम्र महज चार से पांच साल के बीच है, ऐसे में बाघ को हर हाल में अपने लिए साथी की जरूरत पड़ेगी। बलौदाबाजार वनमंडल में बाघ की गतिविधियों को देखते हुए उसके यहां जून-जुलाई तक रहने की उम्मीद वन अफसरों को है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को विश्वास में लेकर बाघ को कोर एरिया में ले जाने के बाद किसी दूसरे राज्य से मादा बाघिन लाकर छोड़ना चाहिए। इससे बारनवापारा से लेकर गोमर्डा अभयारण्य एक बार फिर से बाघों की बसाहट हो जाएगी।

### यूरिन, मल से साथी की तलाश

बाघ के अलावा अन्य प्रजाति के जीव, जंतु मल तथा यूरिन के माध्यम से अपने लिए साथी की तलाश करते हैं। अफसरों को उम्मीद है कि जिस क्षेत्र में बाघ भटक रहा है, उस क्षेत्र के पेड़ों में बाघिन के यूरिन का स्प्रे करने से बाघ कई किलोमीटर दूर से सूंघ सकता है और खिंचा चला आएगा।

### यूरिन, मल के प्रयोग से संख्या 50 के पास

बारनवापारा में जिस स्थिति में बाघ पहुंचा है, वैसी ही स्थिति में मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व जो नाम का टाइगर रिजर्व रह गया था, वहां वर्ष 2008 में पेंच नेशनल पार्क से एक युवा बाघ भटकते हुए पहुंच गया था। साथी नहीं मिलने की स्थिति में बाघ वापस पेच लौट रहा था। इसके बाद वन अफसरों ने उस बाघ को ट्रैंक्यूलाइज कर वापस पन्ना लाकर छोड़ा, इसके बाद कान्हा तथा बांधवगढ़ से दो मादा बाघ लाकर पन्ना में छोड़ा गया। इसके बाद दोनों मादा बाघ के यूरिन तथा मल को मिलाकर बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा था, उस इलाके में छिड़काव किया गया। वर्तमान में पन्ना में बाघों की संख्या 50 से ज्यादा है। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने कुछ इसी तरह के प्रयास राज्य के वन अफसरों को करने होंगे।

## खबर संक्षेप



### स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किया मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बुधवार को रेलवे प्रांगण के बाहर महात्मा गांधी का चित्र लेकर मौन धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि रेलवे देश और प्रदेश की जनता को सहूलियत देने वाला सफर तय करवाती है लेकिन जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है तब से रेलवे को बदहाली की दिशा में धकेल दिया है। 10 साल में रेलवे बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा सरकार ने रेलवे की स्थिति को बदतर कर दिया, जिसके फलस्वरूप देश-प्रदेश की जनता परेशानी झेल रही है।

### चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकाली स्कूटर रैली



**रायपुर।** चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में महिलाओं ने स्कूटर रैली निकाली। भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई रैली को लिली चौक दुर्गा मंदिर के संत अनंतपुरी गोस्वामी महाराज, आनंद कुकरेजा, श्रीचंद सुंदरानी, अमर परवानी, राजकुमार बजाज, अशोक मखीजा, महेश दरयानी समेत सभी पंचायत के अध्यक्षों ने झंडी दिखा कर रवाना किया। सिंधु पैलेस शंकर नगर से स्कूटर रैली शुरू हुई। तेलीबांधा में अजीत कुकरेजा ने रैली का स्वागत किया। रैली का समापन लाखे नगर में हुआ।

### सोनकर समाज के अध्यक्ष बने रवि



**रायपुर।** सोनकर समाज भाठागांव राज का अध्यक्ष युवा नेता रवि सोनकर को बनाया गया। इसके अलावा भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुना गया, सचिव सुरेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर, अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेंद्र और तोरण सोनकर को बनाया गया। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की है।

### 9 से अखंड रामायण पाठ

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ होने जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर में मनोकामना अखंड दीप प्रज्वलित की जाती है। अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ 9 अप्रैल से होगा। पाठ का समापन 17 अप्रैल रामनवमी को किया जाएगा और श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### कन्हेरा में मानसगान प्रतियोगिता आज से

अभनपुर। ग्राम कन्हेरा(टेकारी) में त्रि दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ 5 अप्रैल को किया जायेगा। जिसका समापन 7 अप्रैल को होगा। जिसमें विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल होंगे। उक्त मानसगान प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्र के नामी मानसगान पार्टी शामिल होगी। आयोजन समिति ने अधिक संख्या में पहुंचकर मानसगान श्रवण करने की अपील की है।

### एसएफआई ने की छात्रों के व्यवस्थापन के लिए हस्तक्षेप की मांग

**रायपुर।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा संबद्धता रद्द किए गए स्कूलों के छात्रों के व्यवस्थापन के लिए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। 4 अप्रैल को एसएफआई का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली ने शहर के दो स्कूलों की मान्यता और संबद्धता रद्द कर दी।

## तीन माह का अल्टीमेटम, बिना कुछ किए बीत गया एक महीना

# पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गले की फांस बन चुकी 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने अस्पताल प्रबंधन प्रशासकीय स्वीकृत के इंतजार में है। इस मशीन का जनहित में उपयोग करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन महीने के अल्टीमेटम का एक महीना बिना कुछ किए बीत चुका है।

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में मरीजों की जांच के लिए 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन के उपयोग का मामला समय-समय पर सामने आता है। जनहित में इसका उपयोग करने शासन स्तर पर आश्वासन दिया जाता है, मगर समय के साथ इससे संबंधित पेचीदगी नहीं सुलझने की वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस बार स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कमरे में बंद पैट सीटी मशीन के मामले को गंभीरता से लिया है उन्होंने करीब एक माह पहले अस्पताल प्रबंधन को इसका उपयोग शुरू करने के लिए तीन महीने का वक्त दिया था, लेकिन अब तक इसमें किसी तरह की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है, जो अब तक अस्पताल प्रबंधन को प्राप्त नहीं हुआ है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि बिना प्रशासकीय स्वीकृति मिले इस मशीन का टेस्ट भी नहीं किया जा सकता कि यह उपयोग के लायक है अथवा नहीं। मशीन वर्ष 2018 में खरीदी गई थी और उसके साथ विवाद का जन्म होने की वजह से उसे कैंसर विभाग के भवन के एक कमरे में ताला बंद कर दिया गया है। मशीन का उपयोग एकमात्र मरीजों की जांच के लिए नहीं किया जा सका है। इस मशीन की वारंटी अवधि भी समाप्त होने की चर्चा है।

### आउटसोर्सिंग पर विचार

सूत्रों के अनुसार राजधानी के सुपरस्पेशलिटी डीके हास्पिटल में पैथालॉजी से लेकर रेडियोलॉजी संबंधित जांच पीपीपी मोड पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जाता है। आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी की जांच की शुरुआत तीन महीने में नहीं किए जाने पर इसे आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किए जाने की चेतावनी दी गई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पीपीपी मोड पर इसका संचालन बेहतर व्यवस्था हो सकती है।



### कंपनी के इंजीनियर करेंगे जांच

उपयोग के लिए पैट सीटी मशीन की जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से कराया जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

- **डॉ.एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## साइंस सेंटर ने तैयार किया हैप्पी बर्थ डे संगीत से गूंजने वाला उपकरण, जन्मदिन मनाने लगे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित साइंस सेंटर में अब बच्चे अपना जन्मदिन भी मना पाएंगे। संस्था ने नलिकाओं से एक नया उपकरण तैयार किया है, जिसे नायलोन के हथौड़े से मारने पर हैप्पी बर्थ डे की धुन निकलती है। इस धुन के जरिए यहां पहुंचने वाले बच्चों के साथ बड़े भी अपना और दूसरों का जन्मदिन सेलिब्रेट कर सकते हैं।

- नया उपकरण खूब भा रहा बच्चों को

इस आकर्षक उपकरण को साइंस सेंटर के इंजीनियर डा. अमित मेश्राम ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर यह पहला प्रादर्श तैयार किया गया है। इस उपकरण के बनने से बच्चे अब इस उपकरण से हैप्पी बर्थ डे की धुन निकालकर अपना और अपने साथियों का जन्मदिन भी मनाने लगे हैं।

बच्चों के साथ आने वाले परिजन भी इस उपकरण को काफी पसंद कर रहे है या यहू कहें कि यहां आने वाले सभी लोगों को यह उपकरण बहुत पसंद आ रहा है, क्योंकि इससे साइंस सेंटर में हर कोई अपना जन्मदिन को संगीतमय वातावरण में सेलिब्रेट कर रहा है।

## जैन मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य मेला 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जैन संप्रदाय के चौबीसवें व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण भारत सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न समाजोपयोगी और जनहित के कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर में महावीर जयंती के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में डीडी नगर स्थित 1008 श्रीवासु पूज्य दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में 7 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला की अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई ने बताया कि शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट व ईसीजी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित स्त्री रोगों, अस्थि रोगों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेंगे। कार्यक्रम दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डीडी नगर और जैन मिलन महिला रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

शिविर की तैयारी में आदिश्वर महिल मंडल की सचिव श्रद्धा जैन, वंदना जैन, डॉ. मंजुला जैन, सरिता जैन, वंदना जैन, राखी जैन पवैया, डॉली जैन, अंजलि जैन, शालिनी जैन आदि जुटे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने ब्रोशर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र की रात का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने मुख्य अतिथि के रूप में 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में आने के लिए आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आने की सहमति दी। साथ ही मुख्यमंत्री से आयोजन के ब्रोशर का विमोचन भी करवाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आयोजन के सफल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, राजा जेठानी, अनिल जोतसिंघानी, विशाल राजानी, प्रकाश सोनवानी आदि शामिल थे।

## बच्चों को अंगूर, सेब व मिठाई परोसी गई

**फिंगेश्वर।** पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोजन के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही फिन्गेश्वर में कृष्ण कुमार साहू द्वारा अपनी माता स्वर्गीय सुरूज बाई साहू के वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम पर पूर्ण न्योता भोजन दिया। शासन के निर्देशानुसार दिये गये मीनू अनुसार पूर्ण न्योता भोजन के तहत बच्चों को चांवल, दाल, सब्जी, पनीर, मटर, आलू, खीर, मूंग बड़ा, फल, केला, अंगूर, सेब, मिठाई, जलेबी परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां ही खुशियां झलक रही थी और इस अवसर पर प्राचार्य श्री कुमानसिंह ध्रुव ने कहा कि यह पोषण शक्ति निर्माण योजना बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। क्योंकि बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय जन सहयोग से पोषक तत्वों से युक्त न्योता भोजन दिया जा रहा है जो बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होंगे और बच्चे कुपोषित नहीं होंगे। इस पूर्ण न्योता भोजन कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचरण दीवान प्रधान पाठक, नूनकरण सिंह कंवर सहायक शिक्षक, लक्षवन्तीन निषाद सहायक शिक्षिका,कृपाराम यादव व मोतीलाल कुर्रे व्याख्याता, जगदीश ध्रुव क्लर्क, चेतन ध्रुव, लोकेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, अनिता ध्रुव, रसोईया बिनताराम, धरमूराम, भुवन लाल, गैंदराम, गिरिजा, भावेश एवं दिव्या साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



## लंबी दूरी की बसों में सीसीटीवी नहीं लगाने वाले संचालकों से जुर्माना वसूला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने बुधवार को लंबी दूरी के लिए चलने वाली बस के ऑपरेटरों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही लंबी दूरी के लिए बस संचालन करने वाले बस मालिकों को ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने अपनी बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। बसों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाने पर जुर्माना वसूल करने की



चेचावनी दी है। ट्रैफिक एएसपी ओमप्रकाश शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने बस मालिकों को बसों में अनिवार्य रूप से टिकट किराया की सूची चस्पा करने निर्देश दिए हैं।

### इन निर्देशों का पालन करना होगा

- बसों में रेट लिस्ट (किराया दर) की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा करेंगे। अधिक किराया लेने की शिकायत पर एक्शन होगा।
- लंबी दूरी की यात्री बसों में यात्रियों की सेफ्टी के लिए अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएं।
- बस स्टैंड से निकलने वाली बसों को रास्ते में रोक कर बस खड़ी करके सवारी चढ़ाई जाती है, जिससे आम पब्लिक को परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुए अब बस केवल पचपेड़ी नाका और टाटीबंध चौक में ही रुकेगी।
- बसों में माल परिवहन करने पर सख्ती से रोक। माल परिवहन करते पाए जाने पर जुर्माना।
- अनाधिकृत हॉकरों के माध्यम से टिकट बिक्री करने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश।

## सीएफई की नई कार्यकारिणी गठित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज भनपुरी-रांवाभाठा की वर्ष 2024-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चैंबर मंत्री शंकर बजाज अध्यक्ष, लव बंसल महासचिव, सौरभ बरमट कोषाध्यक्ष बनाये गये। नई कार्यकारिणी में सिद्धार्थ चितलांगिया, रोहित पंजवानी को उपाध्यक्ष, रमेश पटेल को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह निदेशक के रूप में राजू कापसे, संजय चावड़ा, दिलीप भाई पटेल, नीलेश मूंदड़ा शामिल किये गये हैं।

## जेवरात पर हाथ साफ करने वाले शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में होली के अवसर मध्यप्रदेश गए एक परिवार के सूने मकान में पांच तोला सोना तथा 24 तोला से ज्यादा चांदी और 25 हजार रुपए नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी तथा मारपीट के अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक महावीर नगर, कुकरेजा फार्म हाउस स्थित सूरज प्रेमचंदानी के घर में चोरी करने के आरोप में विनाशक देवार उर्फ



मास्टर, अभिषेक धृतलहरे तथा भूपेंद्र साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भूपेंद्र के खिलाफ बिलासपुर में भी चोरी के अपराध दर्ज हैं। सूरज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह होली मनाने 25 मार्च को अपने परिवार के साथ कटनी गया था, 27 मार्च को वापस आने पर देखा अज्ञात चोरों ने मेन गेट में लगे ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को आरोपियों के घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का आदेश

### सूडा के मामलों के लिए भी प्रभारी अधिकारी तय

# निगम आयुक्त, सीएमओ अदालत में सही तरीके से नहीं रखते पक्ष, अब ये काम करेंगे संयुक्त संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबंधित मामलों में प्रभारी अधिकारी (नगर निगमों के आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमओ) अदालतों में सही तरीके सरकार का पक्ष नहीं रख पा रहे हैं।

सरकार के ध्यान में यह बात आने के बाद अब यह आदेश जारी किया गया है कि विभाग की ओर से पक्ष रखने का काम नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक प्रभारी अधिकारी के रूप में पक्ष रखेंगे। उनके साथ संबंधित



निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक अप्रैल को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायों से संबंधित न्यायालयीन वाद प्रकरणों में सचिव, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, को प्रतिवादी क्रमांक एक या दो के पक्ष समर्थन के लिए आयुक्त, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

विभाग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि वर्तमान स्थिति में संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालयों, सक्षम न्यायालयों में प्रबल पक्ष समर्थन के अभाव में विभाग का पक्ष यथोचित( सही तरीके से) प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से विभाग के वाद प्रकरणों में त्वरित निराकरण में देर हो रही है।

### अब ये होंगे प्रभारी अधिकारी

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय( संबंधित) को निकाय के वाद प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। इसी प्रकार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के अंतर्गत स्थापना, पेंशन, यांत्रिकी प्रकोष्ठ, राज्य शहरी विकास अभिकरण से संबंधित वाद प्रकरणों में संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक, उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) को शासन का पक्ष, समर्थन, जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

## त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता आज से

**अभनपुर।** प्रज्ञा मानस परिवार एवं नव जागृति मानस मंडली जंवईबांधा के तत्वाधान में मां कौशिल्या जिला मानस संघ जिला रायपुर स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 अप्रैल तक रखा गया है। प्रतियोगिता मे क्षेत्र सहित प्रदेश की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुती देगी।

पेज 9 के शेष...

### लो वोल्टेज से निजात...

के जामगांव, मुड़ागांव व मड़ेली उपकेंद्र के विद्युत आपूर्ति को भी सुगम बनाने निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। साथ ही कुरूसकेरा अटल ज्योति फीडर में भी कैपेसीटर लगाया गया है जिससे भार कम होने के साथ ही लो वोल्टेज में कमी आई है। विधायक रोहित साहू हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। आने वाले दिनों में विद्युत की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात मिल सकेंगी।

### सिविल सर्विसेज में...

शिक्षा अधिकारी छुरा, समस्त पीटीआई जिला गरियाबंद, संकुल केंद्र पंक्तियां के समस्त शिक्षक मानस संघ की सभी सदस्य, समस्त ग्राम वासी, कोचव मैनेजर, एथलेटिक संघ, जिला कबड्डी संघ सहित सब ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा की नामांकन रैली में राजिम विधानसभा से कार्यकर्ता हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के नामांकन रैली में राजिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता महासमुंद पहुंचकर शामिल हुए। इस रैली में सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम अरूण साव, भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,सांसद प्रतिनिधि टीकम चंद साहू, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वीरेंद्र साहू, भाजयुमो पांडुका मंडल के उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, मीडिया प्रभारी कन्हैया चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में राजिम विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी पर चरणदास की अमर्यादित टिप्पणी अशोभनीय है : साहू

**राजिम**। बीते मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास के द्वारा चुनाव अभियान के दौरान दिए गए विवादास्पद बयान पर राजनीति गरमा गई है। पीएम मोदी को लेकर उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ लाठी पकड़ने वाला, मुड़ फोडने वाला आदमी चाहिए, और ये आदमी भूपेश बघेल हो सकते हैं, देवेंद्र यादव हो सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष के इस बयान का राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए पलटवार किया है। मामले को लेकर भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नेता जो केंद्रीय मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं उनके द्वारा इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी देश के प्रधानमंत्री पर करना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भी मोदी का परिवार हूँ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमा के लिए पहली लाठी खाने भी तैयार हूँ। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से खुश है और अबकी बार 400 सीटों के साथ उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है।

### समस्या : ग्राम सुक्लाभाठा में लाखों रूपये से बने स्कूल भवन 5 साल के भीतर जर्जर

# नलों की टोटी से नहीं निकला रहा पानी गांव तक पीएम सड़क बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 13 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम सुक्लाभाठा और भंडाबाहरा मूलभूत समस्याओं से जुझ रहे हैं। इस ग्राम की जनसंख्या लगभग 300 के आसपास है और लंबे समय से ग्रामीणों के द्वारा इस गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किये जाने की मांग किया जा रहा है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ सर्वे किया गया है, निर्माण कार्य नहीं हुआ है, यहां के ग्रामीणों ने मोंहदा धवलपुर मुख्य मार्ग से सुक्लाभाठा और तुपेंगा तक प्रधानमंत्री ग्राम सकड़ योजना के तहत सड़क निर्माण किये जाने की मांग किया है। ग्राम सुक्लाभाठा में 2011 में लाखों रूपये खर्च कर प्राथमिक शाला भवन का निर्माण किया गया है लेकिन यह भवन निर्माण कार्य बेहद स्तरहीन होने के कारण समय से पहले ही जर्जर हो गया और पिछले तीन वर्शो से यहा ताला लग गया है, एक अतिरिक्त कमरा में प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है जंहा कुल दर्ज संख्या 29 छात्र -छात्राओं की है और तुपेंगा के नाम से यहां स्कूल संचालित किया जा रहा है कई बार जिला स्तर के अधिकारियों ने स्कूल भवन का निरीक्षण कर चुके हैं लेकिन अब तक मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया गया।







#### गांव में लगाया गया है नल

ग्राम पंचायत मोंहदा के सचिव दौलत राम सोनवानी ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में नल लगाया गया है लेकिन अभी प्रारंभ नहीं हुआ है उन्होने बताया कि तुपेंगा मार्ग में नदी में रपट निर्माण किया जा रहा है जिससे बारिश के दिनों में लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

#### पानी सप्लाई प्रारंभ करने की मांग

ग्राम सुक्लाभाठा में जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रूपये खर्च कर पानी की टंकी का निर्माण किया गया है और पुरे गांव में पाईपलाईन बिछाकर घरो के सामने पानी सप्लाई के लिए नल लगाया गया है लेकिन अब तक नल के टोंटी से पानी नही निकला भीषण गर्मी में लोगों को जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां के ग्रामीणों ने जल्द ही जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माण किये गये, टंकी एंव पानी सप्लाई प्रारंभ करने की मांग किया है गांव में एक पुराने सरकारी कुंआ है जिसकी मरम्मत और साफ सफाई की भी बेहद जरूरत महसूस की जा रही है।

# नेता प्रतिपक्ष चरण दास के बयान के विरोध में भाजपा ने निकाली मौन रैली



### चरणदास का बयान ओछी मानसिकता का परिचायक : चंद्रशेखर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाठी से मारने संबंधित दिए गए बयान के विरोध में गुरुवार को भाजपा ने राजिम में गायत्री मंदिर से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक तक मौन रैली निकाली और नेता प्रतिपक्ष के बयान की निन्दा की। मौन रैली के पहले भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री एवं महासमुंद लोकसभा के समन्वयक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महेंद्र द्वारा लाठी से करने का बयान दिया गया उनकी ऊंची मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस अभी से अपनी करारी हार देखते हुए बौखला गई है यह उसी बौखलाहट का परिणाम है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता लोग लगातार अनर्गल और विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी कांग्रेस नेता होने के कारण चरणदास महंत को इस बात का ध्यान रखना चाहिए राजनीतिक प्रतिद्वंता में भी इस तरह की भाषा उपयोग नहीं करना चाहिए। वहीं सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य की सत्ता से दूर कांग्रेस हताश और निराशा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सूची हरकत का जनता चुनाव में जवाब देगी। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि विरोध होता है राजनीति में विरोध होता है लेकिन नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का लाठी मारने वाला बयान निंदनीय है। उन्हें इस बयान के लिए देश की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस अपने दूषित मानसिकता की राजनीति कर रही है। जनता इसका जवाब देने तैयार है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व राजिम विधायक एवं लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत, जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, केशरी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष राजिम रेखा सोनकर, फिंगेश्वर जगदीश यदु, छुरा खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी साहू, लालिमा ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू नायक, सोमप्रकाश साहू, ऋतु राज शाह, संजीव चंद्राकार, शरद पारकर, रिकेश साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, लिकेश्वर साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### देवी मंदिरों में सजावट का कार्य जारी

मैनपुर। चैत्र बसंती नवरात्र का पर्व 09 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। नवरात्र पर्व के चलते मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में इन दिनों तैयारियां जोर शोर से जारी है, मंदिरो का रंग रोंगन और सजावट का कार्य किया जा रहा है, वन परिसर स्थित मैनपुर के मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र 09 अप्रैल मंगलवार को प्रारंभ होगा घट स्थापना दिन में 11:36 से 12:24 के मध्य, पंचमी देवी श्रृंगार 13 अप्रैल शनिवार एवं श्री दुर्गाष्टमी महाष्टमी हवन 16 अप्रैल दिन मंगलवार को होगा। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर में तैयारियॉ प्रारंभ हो गई है वहीं दुसरी ओर मैनपुर नगर के शीतला मंदिर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदमग भाठीगढ, गायत्री मंदिर हरदीभाठा, फुलझर भगवती मंदिर, मां बम्बलेश्वरी मंदिर, बाजाघाटी, तौरेंगा, उदंती मंदिर, कोयबा, गोहरापदर एवं क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में नवरात्र पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

### स्वामी आत्मानंद के तीन छात्रों का नवोदय में चयन





**फिंगेश्वर।** जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुए चयन परीक्षा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर के आदर्श साहू पिता योगेश कुमार साहू का चयन हुआ है। इसके साथ ही सैनिक विद्यालय के लिए राज सोनकर पिता पोषण सोनकर एवं यशिका सोनकर पिता विजय सोनकर का हुआ है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर एवं स्टाफ के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी है।

### कर्मा माता जयंती एवं सम्मान समारोह आज

**अभनपुर।** साहू समाज अभनपुर एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान संत कर्मा माता जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर्मा मंदिर प्रांगण में 5 अप्रैल को रखा गया है। कार्यक्रम में समाज संरक्षण एवं क्षेत्र विधायक इंद्र कुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होगे। अभनपुर समाज पदाधिकारियो ने बताया कि कर्मा रथ अभनपुर नगर होते हुये नायकबांधा गातापार, ,खिलोरा, मुजगहन, धुसेरा, सिवनी, बेन्द्री, निमोरा, तूता विभिन्न गांवो मे भ्रमण करते 11 अप्रैल को ग्राम बकतरा पहुंचेगी जहां कर्मा जंयती उत्सव व आदर्श विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# मनरेगा श्रमिक, एसबीएम व आवास हितग्राहियों ने मतदाता जागरूकता की ली शपथ

## बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के मनरेगा श्रमिक, एसबीएम हितग्राही एवं आवास हितग्राही द्वारा ''हम बढ़े-हमारा अधिकार बढ़े'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव एवं कार्यस्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे साथ ही अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा निर्वाचन की तिथि घोषित होने के साथ ही जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू है। साथ ही मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिलेवासियों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



### मतदान लिए प्रेरित करने का दिया संदेश

विभिन्न वर्गो को मतदाता जागरूकता में शामिल होकर मतदान दिवस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी अंतर्गत जिले में संकल्प गरियाबंद के तहत आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के मनरेगा श्रमिक, एसबीएम हितग्राही एवं आवास हितग्राहियों को संचालित कार्य स्थल में मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने सामूहिक तौर पर गांवों की साफ-सफाई भी की।



## कार्यक्रम : सिर्रीकला में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय श्रीराम चरित मानस गान सम्मेलन

# धर्म-कर्म व अध्यात्म की त्रिवेणी है श्रीरामचरितमानस : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर।

सिद्धेश्वर नाथ युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से सिर्रीकला में त्रि दिवसीय संगीतमय श्री रामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिले के ख्यातिनाम 24 मंडली शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामवासियों द्वारा विशाल जल कलश यात्र भारतीय संस्कृति के अनुरूप निकाली गई।जल कलश यात्र में छोटी-छोटी बेटियों के द्वारा अपने सिर पर कलश धारण किए हुए थे। ग्राम पुरोहित पंडित जगमोहन शर्मा द्वारा कलश स्थापना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया।धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से पूरा ग्राम राममय हुआ।समापन समारोह को मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने संबोधित कर कहा धर्म कर्म अध्यात्म की त्रिवेणी है श्रीरामचरित मानस।

रामजन्म,जानकी विवाह, शिव सती संवाद, अहिल्या उद्धार, बालि सुग्रीव युद्ध, हनुमान द्वारा लंका दहन एवं रावण वध इत्यादि अनेक मार्मिक प्रसंगों पर व्याख्याकार के व्याख्यान से श्रोता मंत्र मुग्ध होकर जय श्री राम के जयघोष कर रहे थे। कार्यक्रम के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू, महासमुन्द लोक सभा के भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, जनपद सभापति अर्चना दिलीप साहू, सरपंच सरोजनी मोहन साहू, अशोक शीतल राजपूत, रामुराम साहू, राम कुमार, राजू साहू, मनीष हरित, तुलाराम, आदि शामिल हुए। समापन अवसर पर रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि-श्री रामचरितमानस जीवन जीने का सूत्र प्रदान करते हैं। श्री राम चरित मानस धर्म कर्म अध्यात्म की त्रिवेणी संगम है जिसने भी यह कथा ध्यान पूर्वक श्रवण पान किया उसका जीवन सफल हो गया।इसलिए कथा पंडाल पर जब भी बैठे मोह माया को त्याग कर बैठे।





### इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में श्री सिद्धेश्वर नाथ युवा समिति के अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष राकेश, सचिव दुलार साहू, उमेश साहू, टिकेश साहू, अमर नाथ, संजय शर्मा, मधु तिवारी, ठाकुर राम यादव, डीगू साहू, सोहन, जीतू, मेघनाथ, सतीश, उमेश, सोमन, उत्तम, बृज लाल नारायण, संतोष, खुमान, तोरण, जागेश्वर, बोला, ताराराम राज का योगदान रहा। कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र सिंह ठाकुर,मंच संचालक के एस ध्रुव थे। आभार प्रदर्शन दीपक राज तेली ने किया।



# भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने भेण्डरी का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी मेघा मंडल के ग्राम भेण्डरी, परेवाडीह, मौहरेंगा आदि गांवो का दौरा की। इन गांवो में रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से रुप कुमारी चौधरी ही प्रत्याशी नहीं है बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा का प्रत्याशी है। हमारा एक ही प्रत्याशी है वो है भाजपा का कमल निशान। हम सबको को कमल फूल में बटन दबाकर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करना है। भाजपा प्रत्याशी के साथ दौरे में होरीलाल साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष मेघा, श्याम साहू मंडल प्रभारी, डगेश्वर सोनकर, राजेश साहू, प्रीतराम देवांगन, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### अदिति का नवोदय में चयन

गरियाबंद। प्रयास पब्लिक स्कूल कोपरा के छात्रा कुमारी अदीति साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। छात्रा के पिता संतोष कुमार साहू कन्या प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक,संकुल समन्वयक पाण्डुका हैं एवं उनकी माता श्रीमती कुसुम साहू भी शिक्षिका है। जिसका लाभ अदिती को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन के लिए सहयोग मिला है। अदिति के परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। कुमारी अदिति कोपरा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी डोमार साहू के सुपुत्र संतोष साहू शिक्षक की सुपुत्री है। विद्यालय के एमडी सर पुष्कर पुरी गोस्वामी, प्रिंसिपल सर युगलकिशोर साहू, संकुल समन्वयक अनिल सिन्हा सहित शिक्षिकाओं किरण भारती, गायत्री वर्मा, लाली तारक श्रेष्ठा तारक ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्जज्वल भविष्य की कामना की है।



# महुआ की आवक हुई कम 35 रुपये के भाव से खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

रसेला गुरुवार बाजार में महुआ बाजार में आने लगी है महुआ की फुल को एकत्रित करने के लिए वनांचल क्षेत्र के रहवासी आदिवासियों के द्वारा सुबह 4:00 बजे से ही महुआ बिनने के लिए अपने खेत खलिहान की महुआ झाड़ एवं जंगल की ओर निकल जाते हैं जहां दिन भर महुआ की फुल को एकत्रित करते हैं उसके बाद 10:11 बजे घर पहुंचते हैं और उसे तेज धूप में सुखा करके महुआ फूल को बेचते हैं। वहीं महुआ व्यापारी पन्नालाल चंद्राकर ने बताया कि इस बार 32-35 रुपए की किलो की दर से खरीदी की जा रही है और इमली को 25 रुपए किलो ग्राम की दर से खरीद रहे हैं। इमली और महुआ बाजार में आ रही है। बाकी एवं वनोपज भी कुछ समय बाद आने लगेगा लेकिन इस बार महुआ की फसल में कमी आई है जिस कारण महुआ बाजार में कम आ रहा है। हर महीना पानी गिरने के कारण महुआ की फसल बर्बाद हो चुका है। जिससे लोगों को इस बार आमदनी नहीं हो रही है। गुरुवार बाजार रसेला में रौनक नहीं है। अच्छी मुनाफा कमाने वाले वनांचल क्षेत्र की रहवासी भी महुआ की फसल अच्छी नहीं होने से मायूस है यदि फसल अच्छी रहती है तो मुनाफा उन्हें ज्यादा मिलता है।

# प्रधानमंत्री मोदी से पहले मुझे लाठी मारे : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के लाठी मार वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि एक कहावत है कि विरासत में गद्दी मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं। यह कहावत चरणदास महंत के ऊपर पूरी तरह लागू होती है। हम मोदी जी के परिवार है, उनको लाठी मारने से पहले मुझे लाठी मारे। पिता की राजनीतिक विरासत के बूते और गांधी परिवार की जी हुजूरी कर उन्होंने इतनी लंबी राजनीतिक पारी तो खेल ली, लेकिन राजनीतिक शुचिता के मामले में अभी भी वे परिपक्व नहीं हो पाए हैं, ठीक वैसे ही जैसे कि राहुल गांधी। अगर महंत में राजनीतिक समझ होती तो वे प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध लाठी मार जैसी निम्नस्तरीय टिप्पणी नहीं करते। श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चलते, लोकसभा चुनाव में विपक्षियों खासकर कांग्रेस की पूरे देश में दाल नहीं गल रही है। ऐसे में महंत को कोरबा में अपनी धर्मपत्नी के भी हारने का डर सता रहा है और यही वजह है कि महंत इस कदर बौखला गए हैं कि कांग्रेसी संस्कारों के चलते कुछ भी अनाप-शनाप बोले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी, उसी की एक कड़ी है।



# प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल रसेला में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल रसेला में बुधवार को स्वर्गीय उदेराम ताण्डी की स्मृति में संयुक्त रूप न्योता भोज का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस न्योता भोज का खास बात यह रही कि रसेला के कोटवार जमुना बाई के पति स्वर्गीय उदेराम ताण्डी के स्मृति में उसका पत्नी जमुना बाई और बेटा खेमचंद ताण्डी के द्वारा आयोजित किया गया था। उत्त न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल दाल, सब्जी का वितरण किया गया। जिसमें बच्चे काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे।



बताया गया कि पहला आयोजन उप सरपंच परमेश्वर यादव द्वारा किया गया था। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक बालचंद नेताम ने शाला परिवार की ओर से ताण्डी परिवार को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, कमलेश्वर नायक, रामेश्वर सिन्हा, नंदुदास, धनेश्वर मानिकपुरी, सगुन दास, कृष्ण चक्रधारी, शिक्षक हृदय राम साहू, देवनारायण साहू, संदीप कुमार सिन्हा, रंजीता यदु, मिथलेश साहू, मध्यान्ह भोजन के महिला समूह के सदस्यगण सहित पालक गण उपस्थित थे। इस आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासी जमुना बाई का आभार व्यक्त किया।

### न्योता भोज : बच्चों को वितरित किया गया फल

मुड़ागांव(कोरासी)। प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला पंक्तियां में बुधवार को न्योता भोज का आयोजन रखा गया। यह कार्यक्रम माध्यमिक शाला प्रधान पाठक गिरवर लाल ध्रुव, शिक्षक गुरुदेव भास्कर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बच्चों को केला, अंगूर, संतरा के साथ ही स्वादिष्ट भोजन, मिठाई का वितरण किया गया। बच्चे मौसमी फल पाकर गदगद व खुशी हो गए। दोनों शिक्षकों को संकुल केंद्र पंक्तियां, हायर सेकेंडरी स्कूल पत्तियां के समस्त शिक्षक व शाला समिति के सभी सदस्य व समस्त ग्राम वासियों ने बहुत-बहुत बधाई दी। बच्चों ने दोनों शिक्षकों के जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया।



# यादव समाज के कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र शामिल हुए



**गरियाबंद।** नगर में आयोजित यादव समाज के सामाजिक कार्यक्रम में दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री यादव का यादव समाज के भव्य स्वागत किया गया। वहीं उनका सम्मान कार्यक्रम भी समाज के द्वारा आयोजित हुआ। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने यादव समाज के उत्थान को लेकर मौजूद सामाजिक लोगों को अपने उद्बोधन में संबोधित किया। इसके अलावा सामाजिक लोगों से चर्चा किया। इस अवसर पर यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष परमानंद यादव, पूर्व प्रांताध्यक्ष राजू यादव, प्रवीण यादव, जनपद उपाध्यक्ष रिखी यादव, पार्षद यशवंत यादव, जितेंद्र यादव, सुनिल यादव, आदित्य यादव, पीलू यादव, प्रकाश दशरथ यादव, लिलेश्वर यादव, सागर यादव, नंदकुमार, उग्रसेन, चन्द्रशेखर व सभी समाज के प्रमुख मौजूद रहे।







